
## खबर संक्षेप



### स्लीमनाबाद के नगद उर्वरक केन्द्र संचालन रहेगा 31 तक

**कटनी।** किसानों को रासायनिक उर्वरकों की सुगमता से निकटतम स्थान पर उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से जिले में डबललॉक केन्द्र बहोरीबंद से संबद्ध अतिरिक्त नवीन नगद उर्वरक केन्द्र स्लीमनाबाद का माह जुलाई से अब तक संचालन किया जा रहा है। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि स्लीमनाबाद के इस नवीन नगद उर्वरक केन्द की संचालन अवधि केवल 31 दिसंबर तक के लिए ही निर्धारित की गयी है। कृषक भाई नगद में उर्वरक डबललॉक केन्द्र कटनी, बहोरीबंद एवं समीपस्थ विपणन सहकारी समिति पानउमरिया से प्राप्त कर सकते हैं।

### कृषकों के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के सार्थक प्रयासों से जिले में लगातार यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। इसी क्रम में आगामी दो से तीन दिवसों में आधी रैक यूरिया एवं एक रैक डीएपी की झुकेही कटनी रैक प्वाइंट पर लगने वाली है। जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रबी सीजन विगत 1 अक्टूबर से प्रारंभ हो चुका है। रबी सीजन अंतर्गत जिले में अभी तक डी.ए.पी 4774 मेट्रिक टन का विक्रय किया जा चुका है एवं 178 मेट्रिक टन बचत है। इसी प्रकार यूरिया का 10411 मेट्रिक टन का विक्रय किया जा चुका है एवं 2968 मेट्रिक टन बचत शेष है। इसके साथ ही एन.पी.के 1848 मेट्रिक टन का विक्रय किया जा चुका है जिसमें से 164 मेट्रिक टन बचत शेष है। सहकारी समितियों में 357 मैट्रिक टन डीएपी तथा 728 मेट्रिक टन यूरिया एवं 126 मेट्रिक टन

### कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आज

**कटनी।** मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक की तैयारियों के संबंध में आज गुरूवार 28 दिसंबर को दोपहर 2:30 बजे से जिले के विभिन्न विभागों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिपं सीईओ शिशिर गेमावत ने ननि आयुक्त, प्राचार्य तिलक महाविद्यालय, अधीक्षण यंत्री मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, सीएमएचओ, सिविल सर्जन, अधीक्षक भू-अभिलेख, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (पीआईयू) , कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महाप्रबंधक, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, महाप्रबंधक, सडक विकास निगम, महाप्रबधंक, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, उपसंचालक कृषि, जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी आदि को बैठक में उपस्थित होने निर्देश दिए हैं।

## नहीं हो पा रहा बच्चों के बस्ते का वजन कम, खानापूर्ति तक सीमित नियम

# सरकार के नियमों को ठेंगा दिखा रहे अधिकारी, स्कूलों की मनमानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले भर में निजी स्कूल संचालक बच्चों के बैग का वजन कम करने के बने नियम को खुलेआम ठेंगा दिखा रहे हैं। नौनिहाल बच्चे स्वयं से ज्यादा बस्ते का वजन ढ़ोते नजर आते हैं, यह हाल शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक बच्चों में देखा जा रहा है जहां बच्चों के बैग का वजन कम नहीं हो पा रहा है। इससे बच्चों को कम उम्र में ही कंधे से लेकर पीठ दर्द की शिकायत शुरू हो रही है।

शिक्षा विभाग के कर्णधार अब तक एक बार भी मैदान में ये देखने उतरे ही नहीं है कि जिले में बच्चों के कंधों पर बैग का वजन कितना है। स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्देश दिए थे कि कक्षा एक से दसवीं तक के बच्चों के बस्तों का वजन निर्धारित करें और उसी के मुताबिक प्रवेश दें। इसके बावजूद शिक्षण संस्थाएं आदेश का सीधा उल्लंघन कर रही हैं। आदेश के बाद कुछ दिनों तक तो दर्जन भर शिक्षण संस्थाओं ने नियमों का पालन भी किया था, लेकिन उसके बाद अधिकारियों की अनदेखी के चलते फिर पुराने ढर्रे पर हैं। जिससे बच्चों को फिर भारी-भरकम बैग लेकर स्कूल जाना पड़ रहा है।



### मैदान में नहीं उतरते जिम्मेदार

इस मामले शिक्षा विभाग व जिला शिक्षा केंद्र का अमला लापरवाह बना हुआ है। अभी तक इस आदेश का पालन कराने की जहमत तक अमले ने नहीं उठाई है। यही कारण है कि बच्चों के कंधे भारी-भरकम बैग के वजन से झुकते चले जा रहे हैं।

### स्कूल बैग पॉलिसी के ये है नियम

राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की दृष्टि से स्कूल बैग पालिसी के तहत प्रदेश के सभी सरकारी, गैर सरकारी व अनुदान प्राप्त स्कूलों के विद्यार्थियों के स्कूल बैग का वजन तय किया गया था। इसमें कक्षा पहली के विद्यार्थी एक किलो 600 ग्राम से लेकर दो किलो 200 ग्राम तथा कक्षा दसवीं के विद्यार्थी दो किलो 500 ग्राम से चार किलो 500 ग्राम वजन के बैग लेकर ही स्कूल जा सकेंगे। कक्षा 11 व 12 के बस्तों का वजन शाला प्रबंधन समिति ने विभिन्न विषय स्ट्रीम के आधार पर तय किया गया था। सरकार के आदेश क्रियान्वयन जिला शिक्षा अधिकारी को प्राथमिकता के साथ कराना था और संपूर्ण जिले की शालाओं में प्रत्येक तीन माह में स्कूल बैग में निरीक्षण करके वजन की जांच करना थी। स्कूल बैग का वजन निर्धारित सीमा में हो इसका पालन भी सख्ती से कराना था, लेकिन ऐसा नही हो सका। बच्चों के बैग का वजन कम कराने में जिम्मेदार अधिकारी कमजोर साबित हो रहे हैं। सरकार का आदेश मात्र सरकारी फाइलों में दबकर रह गया। पैरेंट्स ने बताया कि स्कूलों में जितनी किताबें हैं, उसके लिए उतनी ही कापियां भी जरूरी की गई हैं। इसके अलावा डायरी, रफ कॉपी समेत अन्य से वजन ज्यादा हो जाता है। बच्चा जब इसे उठाता है तो इसे देखकर तकलीफ होती है, बच्चा एक भी कॉपी का बुक कम लेकर गया तो स्कूलों में उसे डांट पड़ती है तथा बच्चों को क्लास से बाहर बिठा दिया जाता है।

# जमीनी विवाद को लेकर बड़े भाई की कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

- विजयराघवगढ़ के ग्राम भैसवाही का मामला, घटना के बाद अरोपी फरार, जांच में जुटी पुलिस।



विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भैंसवाही में जमीन के विवाद के चलते बड़े भाई की हत्या करने का मामला सामने आया है। जहां जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो लोगों ने मिलकर अपने ही बड़े भाई की कुल्हाड़ी एवं लाठियों से पीट-पीटकर निमर्म हत्या कर दी। ग्राम भैंसवाही में हुई हत्या की इस वारदात के बाद पूरे गांव में हडक़म्प मच गया है।

वारदात की खबर मिलते ही विजयराघवगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक आरोपी भाग चुके थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए विजयराघवगढ़ अस्पताल भिजवाया तथा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर ने बताया कि ग्राम भैंसवाही निवासी बद्री प्रसाद विश्वकर्मा एवं रवि विश्वकर्मा का अपने परिवार के ही बड़े भाई सूरज प्रसाद पिता स्व. जगन विश्वकर्मा उम्र 68 साल के साथ पिछले काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था। जमीनी विवाद को लेकर पहले भी कई बार उनके बीच वाद-विवाद हो चुका था। बताया जाता है कि लकड़ी उठाने की बात को लेकर दोनों पक्षों में एक बार फिर कहासुनी होनी शुरू हो गई। विवाद के चलते बद्री प्रसाद विश्वकर्मा एवं रवि विश्वकर्मा ने मिलकर सूरज प्रसाद विश्वकर्मा की कुल्हाड़ी एवं लाठियों से पीटकर नृशंस हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया है। ग्रामीणों ने इस वारदात की सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल विजयराघवगढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 302, 341, 294, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया है, और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# धान के अवैध परिवहन पर कलेक्टर का चला चाबुक, दंडित कर वसूला शुल्क





हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

जिले में अन्य जिलों से शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए लाई जाने वाली अवैध धान पर सख्ती से रोकथाम के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद ने जांच नाकों मे कृषि उपज मंडी के उडनदस्ता दल तैनात किया है। ताकि जिले के वन एवं खनिज जांच नाकों में कृषि उपज मंडी के उडनदस्ता दल को बैठाकर वाहनों को रोकने और अवैध परिवहन पर नियंत्रण रखा जा सके। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर धान उपार्जन में दलालों, बिचौलियों और व्यापारियों के कुत्सिंत मंसूबों पर लगाम लगाने जिला प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। कलेक्टर के उपार्जन समितियों को सख्त निर्देश है कि उपार्जन केन्द्रों मे केवल जिले के किसानों का ही धान समर्थन मूल्य पर खरीदी जाए।

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर संयुक्त जांच नाकों में अवैध अनाज परिवहन और क्रय विक्रय के मामलों की निगरानी हेतु तैनात उडनदस्ता दल द्वारा वन नाका कैलवारा कला मार्ग पर मध्यप्रदेश व कर्नाटक के लिए अवैध परिवहन हो रही 507 क्विंटल अवैध धान के दो वाहन सहित जब्त करनें में बडी सफलता मिल सकी। कृषि उपज मंडी समिति के मंडी सचिव राकेश कुमार पनिका के मार्गदर्शन में दोनों वाहन द्वारा कृषि उपज धान का अवैध परिवहन करते हुए पकडे पाये जाने पर दाण्डिक मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क एवं समझौता शुल्क के रूप में 60 हजार 791 रूपये की वसूली कर कार्यालय में जमा कराई गई।



- कैलवारा कला एवं बरही में पांच वाहनों से हो रहा था 706 क्विंटल धान का अवैध परिवहन

### दो वाहनों से वसूला 60 हजार

कलेक्टर के निर्देश पर कृषि उपज मंडी सचिव राकेश कुमार पनिका ने कार्यवाही के दौरान वन नाका कैलवारा कला मार्ग पर वाहनों के निरीक्षण के दौरान वाहन क्रमांक यू.पी. 70 एफ.टी 8446 एवं ए.पी 39 एक्स 6633 की जांच के दौरान मध्यप्रदेश व कर्नाटक के लिए 507 क्विंटल धान का अवैध परिवहन पाया गया था।

### दो ट्रेक्टर से वसूला गया 19 हजार

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर गठित दल द्वारा कृषि उपज के अवैध परिवहन की रोकथाम हेतु की जा रही कार्यवाही के दौरान कटनी जिला अंतर्गत उपमंडी क्षेत्र बरही मे औचक निरीक्षक के दौरान दो ट्रेक्टर वाहनों में 107 क्विंटल अवैध धान का प्रकरण बनाया जाकर दाण्डिक मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क एवं समझौता शुल्क के रूप में 19 हजार 16 रूपये की वसूली की जाकर कार्यालय में जमा कराई गई] कार्यवाही के दौरान वाहनों के निरीक्षण करने पर ट्रेक्टर वाहन क्रमांक एम.पी. 21 ए ए - 4049 में 54 क्विंटल धान एवं एमपी 21 ए.बी -2399 में 53 क्विंटल धान का अवैध परिवहन पाया गया था।

### आयशर न्यू टैक्टर पर कार्यवाही

एक अन्य प्रकरण में जांच दल द्वारा सेंट्रल वेयरहाउस कटनी में 127 बोरी धान का अवैध क्रय कर पन्ना जिले के पवई के लिए परिवहन किया जाने पर अवैध क्रय विक्रय का प्रकरण बनाया गया।

### बिना दस्तावेज पिकअप एक्शन

बुधवार को एक अन्य प्रकरण में विजयराघवगढ़ एस.डी.एम श्री महेश मंडलोई की उपस्थिति में गठित दल द्वारा कार्यवाही के दौरान पिकअप वाहन मे 32 क्विंटल धान बिना किसी दस्तावेज के परिहन करते हुए पाये जाने पर वाहन को तहसील कार्यालय में खडा कराया गया है। समाचार लिखे जाने तक कार्यवाही जारी है।









## कलेक्टर ने शिक्षा संचालनालय भोपाल को लिखा पत्र

# जल्द शुरू हो सकता है डिप्लोमा इन माइनिंग एण्ड माइन्स सर्वेयिंग का कोर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खनिज संपदा बहुल कटनी जिले में खनिज से संबंधित पाठ्यक्रम की लंबे समय से महसूस की जा रही आवश्यकता को पूरा करने की दिशा में कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा सार्थक प्रयास जारी है। उन्होंने शा पॉलीटेक्निक कॉलेज में डिप्लोमा इन माइनिंग एण्ड माइन्स सर्वेयिंग पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु आयुक्त तकनीकी शिक्षा मध्यप्रदेश तकनीकी शिक्षा संचालनालय भोपाल को पत्र लिखा है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने आयुक्त तकनीकी शिक्षा को लिखे पत्र मे उल्लेखित किया है कि जिले मे माइनिंग उद्योगों की बहुलता के कारण माइनिंग कार्य मे दक्ष कुशल श्रमिकों की आवश्यकता की पूर्ति हेतु जिला कौशल समिति की बैठक मे शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय मे नवीन पाठ्यक्रम ''डिप्लोमा इन माइनिंग एण्ड माइन्स सर्वेयिंग '' प्रारंभ करने का प्रस्ताव पारित किया गया था। साथ ही आपके निर्देशानुसार नवीन पाठ्यक्रम की वृहद डी.पी.आर. तैयार कर दो प्रतियों में भेजी जा चुकीं है। आयुक्त तकनीकी शिक्षा को इस स्थिति की जानकारी से अवगत कराते हुए कलेक्टर ने यहां के शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में डिप्लोमा इन माइनिंग एण्ड माइन्स सर्वेयिंग का पाठ्यक्रम शीध्र प्रारंभ करने का आग्रह किया है।

### जल्द शुरू हो सकता है कोर्स

बैठक में लिए गए निर्णयानुसार कलेक्टर द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में डिप्लोमा इन माइनिंग एण्ड माइन्स सर्वेयिंग कोर्स प्रारंभ करने की अनुमति के लिए आयुक्त, तकनीकी शिक्षा मध्यप्रदेश तकनीकी शिक्षा संचालनालय भोपाल को पत्र प्रेषित किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने बताया कि उक्त अनुमति मिलने के बाद अन्य औपचारिकताओं को पूर्ण कर शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में यह कोर्स प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### जिला कौशल समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

उल्लेखनीय है कि 29 मार्च को कलेक्टर एवं अध्यक्ष अवि प्रसाद की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित हुई थी। जिसमें खनिज सम्पदा संपन्न जिले में खनिज संबंधी व्यवसाय की अधिकता और माइनिंग कार्य में दक्ष कुशल श्रमिकों की कमी के मद्देनजर चर्चा कर शासकीय पोलिटेक्निक महाविद्यालय कटनी में माइनिंग से संबंधित पाठ्यक्रम प्रारंभ कराने हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिला कौशल समिति की बैठक में समिति सचिव प्राचार्य जिला शासकीय आईटीआई रंजीत रोहितास, सदस्य सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत, आयुक्त नगर निगम सत्येंद्र धाकरे, उपसंचालक सामाजिक न्याय एवम् निशक्त जन विभाग नयन सिंह, उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विभाग मनीष मिश्रा, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, परियोजना अधिकारी डूडा डीके पासी, जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह, जिला योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग राधा पुराविया, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण डा पूजा द्विवेदी, सहायक संचालक उद्यानिकी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### निगमायुक्त ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



**कटनी।** नगर पालिक निगम में बुधवार को आयुक्त निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद निधि विधायक निधि से कराये जाने वाले निर्माण कार्यो की प्रगति एवं जिन वार्डो के निर्माण कार्यो की स्वीकृति हो चुकी है उनके टेंडर की प्रक्रिया कार्यादेश अविलम्ब जारी करने ठेकेदारों को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने जिन ठेकेदारों द्वारा समयसीमा में निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया जा रहा है उन ठेकेदारों को नोटिस जारी करते हुये नियमानुसार कार्य से प्रतिबंधित करने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही आगामी साप्ताहिक समीक्षा बैठक में की गई कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा, राहुल जाखड़, सहायक यंत्री सुधीर मिश्रा, सुनील सिह, आदेश जैन, अनिल जायसवाल, उपयंत्री जेपी बघेल, पवन श्रीवास्तव एवं अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### विंध्य टीम ने जबलपुर को 9 विकेट से हराया



**उमरियापान।** अंधेलीबाग ग्राउंड उमरियापान में खेली जा रही 27वीं संतोष क्रिकेट ट्राफी में बुधवार को स्पर्धा का पहला क्वार्टर फाइनल मैच जीसीए जबलपुर और बाबा बर्फानी विंध्य टीम के बीच खेला गया। जिसमें विंध्य टीम ने 9 विकेट से मैच पर जीत दर्ज कर सेमीफायनल में प्रवेश कर लिया। जबलपुर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 149 रनों का स्कोर खडा किया। जवाबी पारी में उतरी विंध्य टीम ने 13.5 ओवर में लक्ष्य पार कर 9 विकेट से मैच पर शानदार जीत दर्ज कर ली। विंध्य टीम की ओर से बल्लेबाज लखन ने धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए 79 रन बनाए। वहीं बल्लेबाज हर्ष ने 59 रनों का सहयोग दिया। मैच में विंध्य टीम के आलराउंडर खिलाडी हर्ष को मैन आफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। मैच में हर्ष ने 4 विकेट लिए साथ ही 59 रन बनाए। आज 28 दिसंबर को एमएस क्लब कटंगी और नागौद टीम के बीच तीसरा लीग मैच सुबह साढे 11 बजे से मैच खेला जाएगा।

### 6 एवं 7 जनवरी को होगा विज्ञान महोत्सव कार्यक्रम

**कटनी।** जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन शिक्षा शोध समिति द्वारा 6 एवं 7 जनवरी को स्थानीय जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजन संपन्न होने जा रहा है। आयोजन में कई विद्यालय भाग लेगें। संस्था द्वारा अधिक से अधिक बच्चों एवं उनके परिजनों से प्रदर्शनी का अवलोकन कर नन्हें वैज्ञानिको का उत्साहवर्धन की अपील की गई।

### प्रा.शाला केवलारी से हटाया गया अतिक्रमण

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा स्कूल से संबंधित शाला भवन में ताला लगा होने के कारण कच्चे खपरेल मकान में स्कूल संचालित होने के संबंध मे प्राप्त शिकायत को संज्ञान मे लेकर जिला परियोजना समन्वयक को प्रकरण पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा अवगत कराया गया कि जिला शिक्षा केन्द्र ढ़ीमरखेडा अंतर्गत ग्राम पंचायत झिन्ना पिपरिया की प्राथमिक शाला केवलारी का निर्माणाधीन भवन में ग्राम निवासी अंकुर पिता किशोरीलाल गुप्ता व कंघी लाल पिता विन्देश्वरी प्रसाद द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था। जिसके संबंध में अनुविभीय अधकारी राजस्व, तहसीलदार एवं पुलिस की सहायता से 27 दिसम्बर बुधवार को स्कूल में किये गए अवैध कब्जे को हटाने की कार्यवाही करा दी गई है। वर्तमान में शाला भवन में कक्षायें संचालित हो रही है।

## हार्डवेयर, कपड़ा, बर्तन व किराना दुकानों में टैक्स चोरी की आशंका

# बिल देने या ऑनलाइन पेमेंट लेने से टैक्स की जिम्मेदारी से बच रहे व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



टैक्स चोरी के मामले आज भी कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं, आज भी लोगों को पक्का बिल या ऑनलाइन पेमेंट लेने से व्यापारी बच रहे हैं। इस ओर आमजनों में ज्यादा रूचि या जागरूकता की कमी का फायदा व्यापारी उठा रहे हैं, जहां व्यापारी द्वारा आमजनों से तो टैक्स वसूल कर लिया जाता है वहीं सरकार को पूरा टैक्स नहीं दिया जा रहा है।

शहर भर में दर्जनों व्यापारी प्रतिष्ठानों पर लोहे से बनी वस्तुओं और अन्य सामानों की बिक्री कर प्रतिदिन करोड़ों रुपयों का टर्न ओवर कर रहे हैं, लेकिन आशंका है कि जितना बड़ा व्यापार है। उतनी ही बड़ी टैक्स अनियमितता भी हो रही है। खरीदी-बिक्री के बीच नकद भुगतान को प्राथमिकता विभिन्न तरह ले टैक्स चोरी की आशंका की ओर इशारा कर रही है।

विशेषज्ञ भी मानते है कि टैक्स चोरी तो हो रही है, लेकिन कार्रवाई करना आसान नहीं है। खास बात है कि दिनभर के व्यापार में ना तो बिलों का आदान-प्रदान किया जाता है और ना ही ऑनलाइन ट्रांजेक्शन को तव्वजो देते हैं। छोटे से लेकर बड़े व्यापारी लेन-देन के जरिए ही व्यापार करना चाहते है। बहुत कम अवसर होते हैं, जब व्यापारी बिल ग्राहक को देता है। नकद खरीदी और बिक्री किसी भी रूप में टैक्स इनकम के रूप में दर्ज नहीं होती है और इस तरह प्रतिदिन बड़ी टैक्स चोरी की आशंका है।

वहार्डवेयर, कपड़ा, बर्तन, किराना दुकानों पर टैक्स चोरी की आशंका बनी हुई है। प्रतिदिन लाखों रुपयों का व्यापार चलता है, मकान निर्माण के लिए लोहे की सरिया लेने पर व्यापारी कच्ची रसीद थमा रहे हैं साथ ही ऑनलाइन पेमेंट करने से कतराते हैं। जीएसटी और इनकम टैक्स में अनियमितता की चर्चा भी की जा रही है, विभिन्न क्षेत्र के व्यापारियों और खासकर लोहे से बनी वस्तुओं के रसूखदार व्यापारी जीएसटी सहित इनकम टैक्स चोरी के मामले में संदिग्ध बताए जाते हैं।

ग्राहक बिल इसलिए नहीं लेते है, क्योंकि उन्हें लगता है कि यदि बिल नहीं लेंगे तो सामान सस्ता आएगा। इसी का फायदा व्यापारी उठाते हैं और बेचे गए माल का बिल काउंट नहीं करते हैं। जितनी बिक्री दिनभर में होती है उसमें से मामूली राशि खातों में बताते है। बाकी जीरो व्यापार की भेंट चढ़ रहा है।

**जागरूकता की कमी**

जानकारों का कहना है कि आमजनों को लगता है कि यदि हम बिल मांगते हैं तो हमसे अधिक दाम वसूल किए जाएगें लेकिन ऐसा नहीं है, बिल न दिए जाने पर वह शिकायत भी कर सकते हैं जिससे दुकानदार पर कार्रवाही भी हो सकती है। जानकार बताते हैं कि इस दिश में लोगों को जागरूक करने की आवश्यता है जिससे व्यापारी जो टैक्स चोरी कर रहा है वह सरकार तक पहुंचे। व्यापारी द्वारा अगर पक्के बिल की अधिक राशि की मांग करता है तो शिकायत जरूर करें।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के आवेदन 31 तक आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

मत्स्य पालन से जुड़े कृषकों अथवा मत्यस्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 से भारत सरकार के मत्यस्यिकी विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की कार्ययोजना प्रेषित किये जाने के उद्देश्य से सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने उक्त योजना में सम्मिलित गतिविधियों से लाभ लेने हेतु इच्छुक व्यक्तियों से 31 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित किये हैं।

सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने कहा है नियमानुसार सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के कृषकों को योजना लागत का 40 प्रतिशत एवं अनुसूचित जनजाति, महिला वर्ग को 60 प्रतिशत अनुदान प्रदाय करने के प्रावधान है। उक्त योजना का मुख्य ध्येय मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवत्ता, तकनीकी, आधारभूत संरचना एवं प्रबंधन के अंतर को कम करना, मूल्य श्रंखला का आधुनिकीकरण एवं सुदृढीकरण, मजबूत मत्स्य पालन-प्रबंधन ढांचा की स्थापना एवं मछुआरों का कल्याण, जिससे मछुआरों एवं मत्स्य कृषकों की आय दोगुनी होगी और इस प्रकार यह सामाजिक, भौतिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक होगा।

योजना के अंतर्गत कार्यक्रम की सूची अनुसार नवीन तालाब का निर्माण (0.1 हेक्टेयर से 2.00 हेक्टेयर तक), मत्स्य बीज उत्पादन हेतु नए मत्स्य हैचरी की स्थापना, नवीन मत्स्य बीज संवर्धन हेतु रियरिंग पोखर, तालाब का निर्माण, मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस, तिलापिया मछली पालन हेतु इनपुट्स की व्यवस्था, जलाशय में मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन, रंगीन मछली के ब्रीडिंग एवं रियरिंग के लिए इकाई स्थापना, आरएएस की स्थापना, बायोफलाक्स की स्थापना, जलाशयों में केज कल्चर की स्थापना कर मत्स्य पालन, पेन कल्चर, मत्स्य कोल्ड स्टोरेज, आईस प्लांट का निर्माण अथवा आधुनिकीकरण, रेफ्रिजेरेटेड वाहन, इंसुलेटेड वाहन, आईस बाक्स युक्त मोटर साईकिल, मछली बिक्री हेतु ई-रिक्शा, फिश फीड मिल, प्लांट, खुदरा मछली बाजार का निर्माण, मछली कियोस्क का निर्माण, परंपरागत मछुआरों के लिये नाव एवं जाल का प्रावधान, थोक मछली बाजार का निर्माण इत्यादि शामिल हैं।

*समय पर कार्यालय न पहुंचने के लग रहे आरोप*

## बीईओ बड़वारा कार्यालय में अधिकारी, कर्मचारियों की मनमानी जमकर हावी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी






शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं वहीं जिम्मेदार अधिकारियों की मनमानी के चलते इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जहां एक ओर कर्मचारियों के हित में अनेकों निर्णय लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों का मनोबल बढाने व उन्हें बेहतर कार्य करने की तमाम सहूलियतें देने के पश्चात भी बड़वारा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कर्मचारियों की मनमानी हावी है।

स्थानीय जनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी कभी भी समय से अपने कार्य मे उपस्थित नही होते हैं, कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहता है, कभी 11 बजे तो कभी 12 बजे कार्यालय पहुंचना इनकी आदत में सुमार है। बताया जाता है कि अधिकतर कर्मचारी बड़वारा में ही अपने निजी आवास में रहते हैं उसके बावजूद कार्यालय में कभी भी समय से अपनी उपस्थिति नही देते हैं।

बुधवार को विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में यही नजारा देखने को मिला दिन में 11 बजकर 25 मिनट पर सूरज यादव के अलावा कोई भी कर्मचारी ड्यूटी में मौजूद नही मिला।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह को चर्चा कर शिकायत की गई तो उनका कहना था आप विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बड़वारा का वीडियो बनाकर प्रमाण भेजिए यदि कार्यालय में कर्मचारी समय पर उपस्थित नही होंगे तो सख्त कारवाई करेंगे। कर्मचारियों की कार्य के प्रति लापरवाही हरगिज बर्दाश्त नही की जावेगी। जिसके बाद स्थानीय जनों ने पत्रकारों को बुलाकर वीडियो व फोटो बनाकर भेजा, लोगों ने जल्द व्यवस्था सुधार करने मांग की है।

## 12 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत बुधवार को जिले की 6 जनपद पंचायतों में 12 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये गये। शिविरों में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक शामिल हुये तथा केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाकर लाभ देने प्रदान करने हेतु पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया इस दौरान कई हितग्राहियों को मौके पर ही योजनाओं के तहत हितलाभों का वितरण भी किया गया।

ग्राम पंचायत सलैया ठुठिया, भादावर, बंघी, बाकल, कचनारी, नेगई, जोबीकला, डिठवारा, भरतपुर, रूडमूड, शिवधाम एवं चरी में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित किये गये शिविरों में प्रचार रथ के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को केन्द्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा बैंकों से जुड़ी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना के अलग-अलग स्टॉल लगाये गये थे। इन स्टालों पर इन योजनाओं का लाभ लेने से शेष रह गये हितग्राहियों का पंजीयन किया गया और उन्हें जानकारी दी गई।

## सोमनाथ एक्सप्रेस में अटेंडर के साथ हुई वारदात का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



विगत दिवस इंटरसिटी एक्सप्रेस में सोमनाथ एक्सप्रेस के अटेंडर के साथ हुई मोबाइल छीनने की घटना के बाद ट्रेन से गिरने के कारण अटेंडर का पैर कट गया था। जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने ने बताया कि गत 18 दिसंबर 23 को राजकुमार चौहान निवासी एनकेजे कटनी का रीवा इंटरसिटी ट्रेन में यात्रा कर रहा था। चलती ट्रेन में यात्रा के दौरान गेट पर खड़ा होकर मोबाइल से बात कर रहा था, इस दौरान आरोपी ने यात्री राजकुमार को धक्का मार के मोबाइल छीन लिया और वहां से भाग खड़ा हुआ। घटना में राजकुमार ट्रेन से नीचे गिर गया और उसका पैर पटरी से कट गया। राजकुमार के ट्रेन से गिरने के कारण आरोपी मोबाइल चोर फोन वही फेंक कर अपने साथियों के साथ भाग निकला। शिकायत पर जीआरपी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 394 आईपीसी के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। जीआरपी ने घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को उसके घर झर्रा टिकुरिया से पकड़कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर पुछतांच की। पूछताछ में उसने घटना करना स्वीकार किया। मामले में सहारोपियो की तलाश जारी है। मुख्य आरोपी जिसने घटना कृत किया है। आरोपी अनिकेत सोनखरे को बुधवार को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया अन्य साथी की तलाश जारी है।

*स्वर्ण पदक व प्रमाण पत्र पाकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे*

## संत अलॉयसियस महाविद्यालय में कटनी की नेहा सितपाल को मिले पांच गोल्ड मैडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरही



संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर द्वारा सत्र 2021-2022 हेतु पदक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, आयोजन के दौरान कटनी की नेहा सितपाल ने पांच गोल्ड मैडल अपने नाम करते हुए कामयाबी हासिल की। आयोजन के दौरान नेहा पुणे में अपनी आगे की पढ़ाई कर रही हैं मैडल प्राप्त करने उनके पिता राजेश सितपाल पहुंचे, इस उपलब्धि पर नेहा के पिता राजेश सितपाल ने अपनी बेटी पर गर्व महसूस करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए महाविद्यालय का भी आभार व्यक्त किया।

विद्यार्थियो आपने शिक्षा के इस लंबे सफर में जो ज्ञान, जीवन मूल्य और विविध क्षेत्रों में कौशल को अर्जित किया है, अब उसका समाज एवं राष्ट्र के हित में सदुपयोग करने का समय आ गया है। अतः सदैव अपने व्यक्तित्व को विकसित कर निखारते हुए अपने राष्ट्र का भी विकास करें। उपर्युक्त उद्गार समारोह के मुख्य अतिथि आर्चबिशप लियोपोल्डो जिरेली (वेटिकन राजपूत-भारत एवं नेपाल) के द्वारा व्यक्त किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत एवं अतिथियों के स्वागत द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. फा. वलन अरासू ने अपने संदेश में कहा कि महाविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ ही मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण करना, उनका सर्वांगीण विकास करना हैं। इसके लिए महाविद्यालय सतत प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अध्यक्ष बिशप जेराल्ड अल्मेडा का आशीर्वचन इस प्रकार था विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम के फलस्वरूप उन्हें यह पदक और पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। आशा है। भविष्य में भी वे इसी प्रकार से विविध क्षेत्रों में परचम लहराएंगे। उल्लेखनीय है कि बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा नेहा सितपाल एवं बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कुमारी अदिति जैन ने सर्वाधिक पांच-पांच स्वर्ण पदक प्राप्त किये। इस उपलब्धि पर दोनों छात्राओं के अभिभावकों, परिजनों तथा क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की।

### कलेक्टर अवि प्रसाद ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

## प्रोजेक्ट पंख- ड्रोन प्रशिक्षण आगामी बैच 02 जनवरी से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



ज़िला प्रशासन के नवाचार प्रोजेक्ट पंख के अन्तर्गत निःशुल्क ड्रोन प्रशिक्षण का नवीन बैच आगामी 02 जनवरी से प्रारंभ होंगी। कलेक्टर अवि प्रसाद ने इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। कलेक्टर ने आगामी प्रशिक्षण बैच शीघ्र प्रारंभ कराये जाने हेतु दस्तावेज परीक्षण, साक्षात्कार व अन्य प्रक्रिया पूर्ण कर बैच तैयार कर नियत समय में प्रशिक्षण प्रारंभ कराने हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं ।

उल्लेखनीय है कि जिले के युवाओं को तकनीक की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु ज़िला प्रशासन द्वारा नवाचार प्रोजेक्ट पंख का क्रियान्वयन किया जा रहा है, इस प्रोजेक्ट के तहत केंद्र सरकार की मिनी रत्न कंपनी ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट इंडिया लिमिटेड के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त अत्याधुनिक सेंटर ऑफ़ एक्सिलेंस लैब व क्लासरूम में ड्रोन तकनीक का संपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, लैब में आधुनिक ड्रोन सिम्युलेटर भी लगाये गये हैं, साथ ही लैब में विभिन्न प्रकार के ड्रोन के साथ साथ ड्रोन किट्स, टूल्स व पार्ट्स आदि के उपयोग से ड्रोन बनाना भी सिखाया जा रहा है। जिसके तहत प्रशिक्षणार्थी ड्रोन उड़ाने के साथ ही ड्रोन तकनीक की सभी विधाओं में महारत हासिल कर रहे हैं ।

देश में ड्रोन हब बन रहे कटनी ज़िले के युवाओं के इस हुनर को देख कर देश की बड़ी ड्रोन कंपनियाँ प्रशिक्षित व्यक्तियों की तलाश में ज़िले का रुख़ कर रही हैं। इसी क्रम में कई बड़ी ड्रोन कंपनियों द्वारा विगत दिवसों में शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में स्थापित प्रोजेक्ट पंख केंद्र में कैंपस का आयोजन कर 44 प्रशिक्षणार्थियों को रोज़गार प्रदान किया गया है ।

कलेक्टर अवि प्रसाद नें प्रथम बैच के 44 प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण पूर्ण करने के पूर्व ही बड़ी कंपनियों में रोज़गार मिलने को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए प्रोजेक्ट पंख की पूरी टीम को बधाई दी एवं कहा कि निश्चित ही यह प्रोजेक्ट जिले को ड्रोन तकनीक के प्रशिक्षित मैनपावर का हब बनाने की संकल्पना को पूरा करेगा। कलेक्टर ने ज़िले के अन्य युवाओं को लाभान्वित करने हेतु आगामी बैच के प्रशिक्षण का कार्य 02 जनवरी से प्रारंभ करने के निर्देश दिये साथ ही ज़िले के युवाओं से अपील की कि वे बढ़-चढ़ कर इस निःशुल्क प्रशिक्षण का लाभ लें ।

ई- गवर्नेंस के जिला प्रबंधक सौरभ नामदेव ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत लगभग 500 युवाओं को ड्रोन तकनीक में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम चरण में लगभग 170 प्रशिक्षणार्थियों को ड्रोन तकनीक का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में आगामी बैच प्रारंभ करने की प्रक्रिया की जा रही है ।

प्रोजेक्ट पंख के तहत आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया सतत चालू है, इच्छुक व्यक्ति शासकीय तिलक महाविद्यालय, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज और शासकीय महिला कॉलेज में स्थापित आवेदन केंद्रों में आवेदन जमा करा सकते हैं। विदित हो कि ड्रोन प्रशिक्षण हेतु 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके न्यूनतम 12वी या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण एवं ड्रोन क्षेत्र में कैरियर बनाने हेतु इच्छुक कोई भी व्यक्ति प्रशिक्षण हेतु आवेदन कर सकते हैं । यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है ।

## ट्रक की बैटरी चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

कैमोर थाना के अमेहटा गांव में खड़े ट्रक और बल्कर से बैटरी चोरी करने के आरोप पुलिस ने दो युवको को पकड़ लिया है। आरोपी युवकों से पुलिस ने चोरी की गई बैटरियां भी बरामद कर ली है। पुलिस ने बताया कि कैमोर निवासी सरोत्तम लाल ने शिकायत में बताया था कि उसके ड्रायवरों ने ट्रक और बल्कर से सामग्री अनलोड करने के बाद अमेहटा कंपनी गेट के पास रोड किनारे ट्रक और बल्कर खड़ा कर सो गए थे, सुबह उठने पर पता चला कि ट्रक और बल्कर से बैटरी चोरी कर ली गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर संदेह के आधार पर मैहर निवासी अभिलाष कोल और अमेहटा निवासी राजू उर्फ राजेश गुप्ता को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान दोनों ने चोरी की वारदात को स्वीकार किया। पुलिस ने 60 हजार रुपए कीमती बैटरी बरामद कर ली है।

## खबर संक्षेप

### फ्लोरीकल्चर में अध्ययनरत छात्रों को औद्योगिक भ्रमण कराया गया चौमुखा नर्सरी में



**पवई।** सी एम राइस स्कूल पवई मैं प्राचार्य श्री रामकृष्ण नगायच द्वारा स्कूल में चल रहे नवीन व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत ट्रेड एग्रीकल्चर के जॉब रोल सोलेनेशियस क्रॉप कल्टीवेशन और जब रोल फ्लोरीकल्चर मे अध्ययनरत छात्रों को औद्योगिक भ्रमण के लिए संजय कुंज नर्सरी चौमुखा में भ्रमण कराया गया जिसमें नर्सरी प्रबंधक का भी सहयोग प्रदान हुआजिसमें बच्चों को कटिंग,बडिंग,ग्राफ्टिंग आदि पौधों में होने वाली क्रियाऔ के बारे में सिखाया गया इसमें स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक श्री आर सी गुप्ता, राकेश श्रीवास्तव, सुनील रजक तथा व्यावसायिक पृशिक्षक रोहित बेहरे की सहभागिता रही।

### अभियुक्त को जारी होने के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जारी की उद्घोषणा

**पवई।** पवई विधानसभा के थाना सिमरिया अंतर्गत ग्राम बोदा निवासी तोता उर्फ शिवचरण पिता चिंटा अहिरवार जो मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के आरोप में दंडनीय किया गया है और उसे पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त व्यक्ति का नाम नहीं मिल रहा है और मुझे समाधान पद रूप से यह है दर्शित कर दिया गया है कि उक्त व्यक्ति फरार हो गया है इसलिए उद्घोषणा जारी की जाती है कि तोता उर्फ शिवचरण से अपेक्षा की जाती है कि वह न्यायालय के समक्ष उक्त परिवारवाद का उत्तम देने के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पन्ना में तारीख 25 जनवरी 2024 को हाजिर हो।

### पाले से बचाव के लिए कृषकों को सलाह

**मौसम विभाग के अनुसार कई जिलों में तापमान को ध्यान में रखकर पाले की संभावना**

**पन्ना।** कृषि फसलों को ध्यान में रखते हुये जहां पाले से बचाव को लेकर कृषकों के लिये सलाह मौसम विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में तापमान कम होने वाली संभावनाओं के चलते कुछ क्षेत्रों में तापमान 4 डिग्री से कम भी रह सकता है। इन परिस्थितियों के चलते तापमान में गिरावट के असर से कृषि फसलों पर तथा सब्जियों आदि पर पाले के रूप में जहां फसलों को नुकसान की आशंका रहती है जिसके चलते समय पर जहां किसान भाईयों को समझाइस सलाह के रूप में उप संचालक कृषि किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के द्वारा दी जा रही है। कि रात्रि में खेतों की मेड़ों पर कचरा तथा खरपतवार आदि जलाकर विशेष रूप से उत्तर पश्चिमी छोर से धुंआ करें जिससे धुंए की पर्त फसलों के ऊपर अच्छादित हो जाये फसलों में खरपतवार नियंत्रण करना भी आवश्यक है क्योंकि खेतों में उगने वाले अनावश्यक तथा जंगली पौधे सूर्य की ऊषमा भूमि तक पहुंचाने में अवरोध उत्पन्न करते है। इस प्रकार से तापमान के असर को कुछ हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। सुस्क भूमि में पाला पड़ने का जोखिम अधिक होता है अतः फसलों में स्प्रिकलर के माध्यम से हल्की सिंचाई करें थायो यूरिया की 500 ग्राम मात्रा का एक हजार लीटर पानी में घोल बनाकर 15-15 दिन के अंतर से छिंड़काव भी पाले से बचाव के लिए उपयोगी उपाय कह सकते है। 8 से 10 किलोग्राम सल्फर डस्ट प्रति एकड़ का भुरकाव अथवा बेटे बल या घुलनशील सल्फर 3 ग्राम प्रतिलीटर पानी में घोल बनाकर छिंड़काव करने से भी पाले के असर को नियंत्रित किया जा सकता है। इस तरह से उप संचालक कृषि किसान कल्याण तथा कृषि विकास के द्वारा पाले से कृषि फसलों अथवा सब्जी आदि की फसलों में जहां पाले से नुक्सान की आशंका होती है पाले से बचाव के लिये कृषकों के लिये महत्वपूर्ण सलाह दी गई है।

विक्रेताओं के खाद्य पंजीयन की जांच कर दिये निर्देश

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने मीट मार्केट दुकानों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



कलेक्टर मयंक अग्रवाल के निर्देशानुसार के सी.एम.ओ. राजेंद्र कुमार खरे के साथ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने निरीक्षण कार्यवाही करते हुए नगर पालिका के पीछे शास्त्री वार्ड स्थित मीट मार्केट में मांस, मछली विक्रय दुकानों का औचक निरीक्षण किया। मार्केट में उक्त कवर्ड परिसर में 22 चिकिन विक्रेता, 5 बकरे के मांस के विक्रेता एवं 13 मछली विक्रेता की दुकानें पाई गई। मौके पर फोस्कोरिस एप्प के माध्यम से मांस, मछली विक्रेताओं का ऑनलाइन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में मौके पर मांस, मछली विक्रेताओं के खाद्य पंजीयन की जांच की गई एवं परिसर में फुड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए गए। वहीं ऑनलाइन निरीक्षण के दौरान मांस, मछली काटने वाले एरिया में हाइजीन स्तर की जांच की गई जिसमें परिसर में मांस, मछली को साफ स्वच्छ कंटेनर में उचित भंडारण, मांस काटने में उपयोग होने वाले चाकू, चॉपिंग बोर्ड,फुड हैंडलर्स द्वारा साफ एप्रन, ग्लव्स, कैप का उपयोग, पारदर्शी रेफ्रिजरेटर की उपलब्धता, कार्यरत कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र आदि विभिन्न मानकों की जांच की गई। मौके पर सभी विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा के समस्त नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। हटा नगर पालिका द्वारा सभी मांस, मछली विक्रेताओं को चिन्हित मीट मार्केट हेतु नियमानुसार एनओसी जारी करने की जानकारी प्राप्त की गई। मौके पर विक्रेताओं को मीट काटने के स्टील के चाकू और दूसरे धारदार हथियारों का उपयोग करने के, कवर्ड डस्टबिन रखने एवं मीट को अधिक समय के लिए भंडारण करने हेतु पारदर्शी दरवाजा वाले फ्रिज रखने के दिशा निर्देश दिए गए।

# खंगार समाज ने महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव की जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

27 दिसंबर को दमोह जिले के ग्राम सोमखेड़ा में समस्त खंगार क्षत्रिय समाज जिला दमोह द्वारा प्रथम हिंदू आधिपत्य महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिला एवं ग्रामीण क्षेत्र से खंगार समाज के लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिला दमोह खंगार क्षत्रिय समाज सेवा विकास संघ के जिला अध्यक्ष रज्जन सिंह खंगार, उपाध्यक्ष भगवत सिंह खंगार, युवा उपाध्यक्ष शीतल राय, पत्रकार वीरेंद्र राय एवं अन्य सामाजिक लोगों द्वारा महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव के संबंध में अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में आभार बबलू खंगार एवं पर्वत खंगार सोमखेड़ा द्वारा व्यक्त किया गया। जिला निवाड़ी के गढ़कुंडार में प्रतिवर्ष 27 दिसंबर से 29 दिसंबर तक गढ़कुंडार महोत्सव का आयोजन जिला प्रशासन एवं क्षत्रिय खंगार समाज के द्वारा महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव की जयंती के उपलक्ष्य में किया जाता है। यहां पर एक ऐसा दुर्गा है जहां पर दुर्गा के 7 किलोमीटर दूर से दिखाई देता है परंतु पास आने पर दुर्गा गायब हो जाता है प्रतिवर्ष लाखों संख्या में देश के कोने-कोने एवं प्रदेश से सामाजिक एवं अन्य लोग इसको देखने एवं महोत्सव में शामिल होने आते हैं। अनेक धार्मिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन जिला प्रशासन एवं खंगार समाज द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम में खंगार क्षत्रिय समाज द्वारा अनुरोध किया गया है कि एक बार अवश्य रूप से महोत्सव में शामिल होने हेतु पधारे।

## मतदान दलों का प्रशिक्षण आज

**दमोह।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन 2023 (उत्तरार्द्ध) संपन्न कराये जाने हेतु नगरीय निकाय पटेरा के वार्ड क्रमांक-14 के पार्षद पद हेतु एवं विकासखण्ड हटा की ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क के सरपंच पद हेतु अभ्यर्थिता वापिसी उपरांत निर्वाचन की स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। निर्वाचन के सफल संचालन हेतु जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी दमोह द्वारा मतदान दलों का गठन किया जाकर आदेश प्रसारित किये जा चुके है। मतदान दलों को आज 28 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से शाम 05 बजे तक शासकीय पॉलिटेकनिक कॉलेज दमोह के एल.आर.यू.सी. कक्ष में प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने मास्टर ट्रेनर्स को पदाविहित किया है। उन्होंने शासकीय हाई स्कूल राजाबंदी के प्राचार्य मुकेश कुमार गूजरे, समग्र शिक्षा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सहायक परियोजना समन्वयक मोहन राय, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिण्डोरिया के माध्यमिक शिक्षक दिलीप जोशी एवं शासकीय माध्यमिक शाला बिसनाखेड़ी के माध्यमिक शिक्षक कनिष्क साहू को मास्टर ट्रेनर्स हेतु पदाविहित किया है। उन्होंने संबंधित मास्टर ट्रेनर्स से कहा है कि जिला परियोजना समन्वयक एवं एन.एल.एम.टी. मुकेश द्विवेदी तथा प्रचार्य एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण एस.एन. हसन के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशानुसार मतदान दलों को निर्धारित दिनांक, स्थान एवं समय पर उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे।

# जिला स्तरीय वर्चुअल युवा उत्सव में ग्राम बासाकलां प्रथम स्थान पर रहा

## बुंदेली कहरवा बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान पर दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



खेल एवं युवा कल्याण विभाग दमोह द्वारा जिला स्तरीय वर्चुअल युवा उत्सव 2023 का आयोजन किया गया। जिसमें पथरिया विकासखंड की युवा समन्वयक संतोषी पटेल व नेहरू युवा केन्द्र दमोह के लेखापाल तेजखान के मार्गदर्शन में विकासखंड से सांस्कृतिक मंडल नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति बांसा कला, पथरिया द्वारा पारंपरिक बुंदेली कहरवा सामूहिक लोकगीत विधा बोल - ₹बेटी खो पढ़ाओ, बेटी खो बचाओ, इनको ने जीवन बिगाड़ ले₹ पर सामूहिक प्रस्तुति दी गई जिसमें घनश्याम पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य गायक घनश्याम पटेल, हेमंत पटेल, सेवक प्रजापति, राजा सोनी, मुकुल दुबे, बसंत पटेल, अंकित पटेल, अभिषेक साहू, हाकम अहिरवार, गणेश पटेल, छिमाधार प्रदुम पटेल

# नगर पालिका में मनाया गया गौरव दिवस

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर पालिका द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नगर की स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्रीमती उमा देवी खटीक व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक द्वारा नगर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके उपरांत उनकी याद में देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम बुंदेली लोक गीत कलाकारों द्वारा भव्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई इसके उपरांत स्व जगमोहन श्रीवास्तव, अदिति, बहू श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव, स्वर्गीय श्री राजाराम चौरसिया के परिवार से मक्खन चौरसिया एवं गया प्रसाद पांडे के परिवार से अनिल पांडेका का सम्मान विधायक श्रीमती उमा देवी खटीक एवं सीएमओ राजेंद्र खरे द्वारा शाल श्रीफल से किया गया। नगर मंडल अध्यक्ष मनीष पलिया, सुधा सेन नगर पालिका से दीपक श्रीवास्तव, जाकर रंगरेज, रूप किशोर राय, कुलदीप पटेल, धर्मेंद्र साहू एवं नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं की रही।

# रिछई में दिखाया गया पीएम का लाइव कार्यक्रम

## सरकारी योजनाओं के लाभ हेतु निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार




विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी उपलब्ध हो एवं वंचित लोगों को योजनाओं का लाभ मिले। इसी उद्देश्य लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। आज ग्राम पंचायत रिछई पीएम का लाइव प्रसारण मोदी की गारंटी वाली बेन के माध्यम से दिखाया गया। जिसके बाद ग्राम पंचायत बम्होरी यात्रा पहुंची जहां पर माला बम्होरी ग्राम पंचायत का संयुक्त मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर राष्टीय गीत के साथ हुआ । सभी वक्ताओं द्वारा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई योजनाओं के बारे में जानकारी दी। विकसित भारत यात्रा सरकार द्वारा जनता के लिए चलाई योजना का लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को मिले कोई व्यक्ति योजनाओं से वंचित ना रहे विकसित भारत यात्रा का मेन उद्देश्य है। इस अवसर पर सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी की मौजूदगी में मंच संचालन आशीष जैन के द्वारा किया गया। जिसमें नायब तहसीलदार राजेश साहू उपयंत्री नितेश असाटी भारत जैन धर्मेंद्र रजक मत्स्य विभाग से हरिओम तिवारी सहित मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक हेमराज राय नर्मदा प्रसाद राय सरपंच प्रतिनिधि रितेश राय युवा नेता निजाम सिंह लोधी सरपंच सचिव की उपस्तिथि रही। इस दौरान शिक्षा स्वास्थ्य महिला बाल विकास कृषि विभाग मत्स्य विभाग सभी विभागीय अधिकारियों के द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की लाभार्थी योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई। इसी क्रम में जन अभियान परिषद से चयनित नवाँकुर संस्था दीपांजलि सोशल वेलफेयर सोसाइटी एवं उनके साथ कार्य करने वाली विभिन्न ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की सहभागिता देखने को मिली जिसमें समितियों के सदस्य गांव के लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों के आवेदन करवाने में सहयोग किया।

# देवेंद्रनगर की बेटी पूजा सोनी एमपीपीएससी में तीसरी रेंक हासिल कर बनी डिप्टी कलेक्टर



### सफलता समय के साथ प्रतिभा के रूप में बिखेरती है जो आज पूजा सोनी की कहानी सामने आई

पन्ना।

एम.पी.पी.एस.सी में सफलता तीसरी रेंक मिलने के बाद पूजा सोनी जो आई.पी.एस. की ट्रेनिंग कर रही हैदराबाद में, की गई फोन पर आपसे बात तो अपनी खुशी की बयां आज मेरा मन प्रफुल्लित हुआ प्रेरणा मिली थी मुझे अपने इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर की संपदा सराफ मेम से जो डिप्टी कलेक्टर बनी थी तभी मैने भी सोचा था कि मै भी कभी डिप्टी कलेक्टर बनने की चाह की जो आज पहली बार में ही मिली सफलता, सपना साकार हुआ भले ही मै आई.पी.एस की ट्रेनिंग कर रही हूँ पर एम0पी.पी.एस.सी में जो आज सफलता मिली इसलिये बेहद खुशी है, जब आपसे यह जाना गया कि आप भावी पीढी को क्या संदेश देंगी तो आपने बताया कि मै परिश्रम करने से कभी पीछे नहीं हटती यही मेरी सफलता की दिशा को लेकर आज माना जा रहा है जो मुझे मुकाम के रूप में मिली है, मेरे पापा साधारण कृषक थे हम लोग 6 भाई बहन है लेकिन माता पिता के प्रयासों से हमें हभी को अच्छी शिक्षा जो आज दी गई है वहीं कहीं न कहीं हमारी आगे दिशा साबित कर रही है। आज भी हमारे पापा देवेन्द्रनगर में बर्तन की दुकान चलाते है हम साधारण से परिवार के है यह हमारी सफलता की कहानी परिश्रम से आज एम.पी.पी.एस.सी की तीसरी रेंक में साबित हुई है यह है स्वयं हमारे जिले के देवेन्द्रनगर कस्बे की बेटी पूजा सोनी की सफलता की खुशी वहीं भावी पीढी के लिये प्रेरणादायी संदेश परिश्रम से ही जहां सफलता का मुकाम साबित होता है वह आज सामने पूजा की झोली में एम.पी.पी.एस.सी की तीसरी रेंक में भी सफलता जानी गई वहीं आप आई.पी.एस. की ट्रेनिंग हैदराबाद में कर रही है पर डिप्टी कलेक्टर बनने की खुशी सपने को साकार करने की बात बताई जो मिली थी प्रेरणा संपदा सराफ मेम से वह आज साबित हो गई। यह दास्तां 27 दिसम्बर के इतिहास में कहानी बन गई जो म.प्र. लोक सेवा आयोग 2019 की परीक्षा में पन्ना जिले की होनहार प्रतिभावान बेटी देवेन्द्रनगर कस्बे से पूजा सोनी ने अपनी प्रतिभा एक बार फिर बिखेरी।

# एमपीपीएससी परीक्षा पास कर आबकारी उपनिरीक्षक बने सौरभ सिंह सेंगर

पन्ना।



मध्य प्रदेश राज्य सेवा परीक्षा वर्ष 2019 की प्री परीक्षा पास किया गया था।मेंस परीक्षा कोरोना बीमारी के प्रकोप के कारण 2 वर्ष के लिए रूक चुकी थी। जिसका परीक्षा मार्च 2021 में हुआ और उन्होंने मेंस परीक्षा को भी पास किया। जिसका साक्षात्कार अगस्त 2023 में हुआ 5 वर्षों के विलंब के साथ गत दिनांक 26 दिसंबर 2023 को परीक्षा का फाइनल परिणाम आया है, जिसमें पन्ना शहर के आगरा मोहल्ला रानी बाग रोड निवासी सेवानिवृत्ति एनएमडीसी इंटक यूनियन के महामंत्री समर बहादुर सिंह के पुत्र सौरभ सिंह सेंगर ने आबकारी उप निरीक्षक के पद पर सफलता अर्जित की है। इस बहुमूल्य सफलता का श्रेय सौरभ सिंह ने अपने पिता श्री समर बहादुर सिंह माता श्रीमती रेखा सिंह बड़े पापा नरेंद्र सिंह वीरेंद्र सिंह एवं अपने विद्यालयों के गुरुजनों को दिया है। आबकारी उप निरीक्षक के पद पर चयन हुए सौरभ सिंह ने बताया कि उन्होंने अपना प्राथमिक अध्ययन पन्ना शहर के महारानी दुर्गा राज लक्ष्मी से इंटर पास किया इसके उपरांत बी ई इलेक्ट्रॉनिक मैं बैचलर डिग्री भोपाल से प्राप्त किया। इसके साथ ही उन्होंने भोपाल से पीएससी की कोचिंग की है और अधिकतम समय अपने घर पर ही रहकर पढ़ाई किया है। सौरभ सिंह के आबकारी उप निरीक्षक के पद पर चयन होने पर उनके चचेरे भाई जितेंद्र सिंह शैलेंद्र सिंह सतेंद्र सिंह शिवेंद्र सिंह ज्ञानेंद्र सिंह एवं उनके मित्र मंडली द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया है। जैसे ही पन्ना शहर के लोगों को जानकारी प्राप्त हुई उनके वार्ड पार्षद रेहान मोहम्मद कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह अक्षय तिवारी पन्ना शहर के समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी घर पर पहुंचे और सौरभ सिंह को आबकारी उप निरीक्षक बनने पर फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत नगाड़े बजवाकर प्रसन्नता व्यक्त की है।

खुले में एवं प्रतिबंधित क्षेत्रों में मांस एवं मांस उत्पादों के विक्रय पर प्रतिबंध संबंधी

# आदेश का पालन कराये जाने को लेकर प्रशासन सख्त

### मुख्य चिकत्सा स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये दी हिदायत

**पन्ना।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक खाद्य एवं औषधी प्रशासन म.प्र. भोपाल के पत्र क्र0/03/खाद्य/2/38/2023/6768 भोपाल दिनांक 14.12.2023 के अनुसार खुले में तथा बिना अनुमति पत्र (लायसेंस) अथवा शर्तों का उल्लंघन करते हुये पशु मांस अथवा मछली के विक्रय पर प्रतिबंध के संबंध में निर्देश दिये गये है कि उक्त निर्देशों के क्रम में आम आदमी को सूचित किया जाता है कि मांस एवं मांस उत्पादों का कारोबार करने हेतु लायसेंस/पंजीयन प्राप्त करने के लिये स्थानीय निकाय अथवा ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर एमपी ऑनलाइन से आवेदन करते समय अपलोड करें। तत्पश्चात ही थैरू लाइसेंस/पंजीयन जारी करने की कार्यवाही की जावेगी।

**खबर संक्षेप**

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में ड्रोन का हो रहा प्रदर्शन

दमोह। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम में किसानों के खेतों में ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। ड्रोन की सहायता से किसान बंधु अपने खेतों में उर्वरक का छिड़काव कम समय और आसानी से कर सकते हैं। ज्ञात हो कि विकसित भारत संकल्प यात्रा विभिन्न ग्रामों में आयोजित की जा रही हैं, जिसमें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं। यह यात्रा 26 जनवरी तक आयोजित की जायेगी।

## मंगोला में शिविर संपन्न

दमोह। कलेक्टर मयंक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विकासखण्ड बटियागढ के ग्राम पंचायत मंगोला मे शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्राचार रथ के माध्यम से आमजन मानस को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पात्र हितग्राहियों के आवेदन लिये गयें। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## वर्षा ऋतु में लगेंगे 65000 पौधे

**बनवार**। दमोह वन मंडल अधिकारी महेंद्र सिंह उईके ने सागोनी रेंज की नोहटा बीट में वृक्षारोपण स्थल का निरीक्षण किया है। जिसके तहत सेक्टर निर्माण, सिगलिंग कार्य, अग्नि सुरक्षा कार्य निरीक्षण पथ निर्माण एवं अन्य कार्यों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण करने की निर्देश वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को दिए हैं। बता दें वर्षा ऋतु में नोहटा बीट वृक्षारोपण प्लांटेशन में 65000 पौधों का रोपण किया जाना है जिसकी तैयारी को लेकर वन मंडल अधिकारी के द्वारा यह निरीक्षण किया गया था।

## मंत्री धर्मेन्द्र सिहं के प्रथम नगर आगमन पर होगा भव्य स्वागत

**जबेरा**। हॉल ही में सम्पन्न विधानसभा चुनाव के पश्चात नवनिर्वाचित जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बनने के पश्चात आज गुरुवार को जबेरा नगर में प्रथम आगमन पर जबेरा विकास मंच एवम जॉय चिल्ड्रन अकादमी परिवार द्वारा बस स्टेण्ड के समीप कार्यलय मे भव्य स्वागत एवम अभिनन्दन किया जाएगा । विकास मंच अध्यक्ष राजेश जैन ने सभी ग्रामवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

## तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रूपये प्रति बोरा हुई

**दमोह**। प्रदेश में अब तेन्दूपत्ता संग्रहण दर बढ़ाकर 4 हजार रूपये प्रति मानक बोरा तय की गई है। इस संबंध में वन विभाग ने आदेश जारी कर दिये है। राज्य सरकार के इस निर्णय से वर्ष 2024 के संग्रहण वर्ष में प्रदेश के करीब 35 लाख तेन्दूपत्ता संग्राहकों को आर्थिक लाभ होगा। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पिछले वर्ष के मुकाबले अब 162 करोड़ रूपये का अतिरिक्त पारिश्रिमिक मिलेगा। प्रदेश में तेन्दूपत्ता संग्रहण और व्यापार का कार्य मध्यप्रदेश लघु वनोपज संघ के माध्यम से किया जाता है। राज्य में प्रतिवर्ष करीब 16 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण कार्य किया जाता है। तेन्दूपत्ता संग्रहण के माध्यम से प्रतिवर्ष मई और जून माह में वन क्षेत्र के पास रहने वाले ग्रामीणों को रोजगार की सुविधा मिलती है। मध्यप्रदेश में तेन्दूपत्ता संग्रहण की वर्ष 2017 में पारिश्रिमिक दर 1250 रूपये प्रति मानक बोरा थी। राज्य सरकार ने इस दर में समय-समय पर वृद्धि की। राज्य सरकार की इस निर्णय से अब तेन्दूपत्ता संग्राहकों को बढ़ी हुई दर से 4000 रूपये प्रति मानक बोरा पारिश्रिमिक मिलेगा।

### संभागीय समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव ने दिये निर्देश

# हितग्राहियों के कार्यो का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर सुशासन स्थापित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




दमोह हितग्राहियों के कार्यो को संतुष्टीपूर्ण निराकरण कर जिले में सुशासन स्थापित करें, अधिकारी जनप्रतिनिधियों से समन्वय के साथ कार्य कर शहरों के समेकित विकास की योजना तैयार कर विकास कार्य करायें एवं कमजोर वर्ग, एससी, एसटी वर्ग के लिए कलेक्टर कार्यालय में हेल्प डेस्क तैयार कर उनकी मदद करें। साथ में राजस्व बढानें के लिए सभी राजस्व अधिकारी योजनाबंध तरीके से कार्य करें। उक्त निर्देश मध्यप्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव एवं सागर संभाग के प्रभारी एसएन मिश्रा ने संभागीय समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर दमोह जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल, कमिश्नर डा. वीरेन्द्र सिंह रावत, जिला पंचायत सीईओ अर्पित वर्मा सहित समस्त जिलों के कलेक्टर, समस्त जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहित समस्त संभागीय अधिकारी मौजूद थे। संभागीय समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव एवं संभाग के प्रभारी एसएन मिश्रा ने कहा कि सभी कलेक्टर आकस्मिक दौरे कर जिलों की विकास कार्यो एवं कार्यालयों, विद्यालयों में अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति की मॉनिटरिंग करें। प्रत्येक पंचायत स्तर पर सक्षम अधिकारी कर्मचारी को तैनात कर ग्रामवासियों के समस्याओं का निकराकरण करायें। उन्होंने कहा कि जनता के लाभ जनता तक पहुंचे इसके विशेष प्रयास किये जावें एवं शहरों की समेकित विकास योजना तैयार कर विकास कार्य करायें। जल जीवन मिशन के कार्यो को प्राथमिकता के साथ करें और समाज के आखिरी घर के आखिरी व्यक्ति तक शुध्द पेय जल पहुंचे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्राथमिकता के कार्यो की सूची बनाकर निराकरण करायें एवं समय-सीमा बैठक में आये पत्रों की प्रतिदिन सायं काल समीक्षा कर निराकरण करें। अपर मुख्य सचिव श्री मिश्रा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी अधिकारी शिविरों में उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकाय समेकित विकास की योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए जन जागरूकता अभियान चलायें और शत-प्रतिशत प्रसव संस्थाओं में ही करायें। उन्होंने नामातंरण, बंटवारा सीमाकंन, प्रधान मंत्री किसान सम्माननिधि, आयुष्मान कार्ड के कार्य प्राथमिकता के साथ करें। श्री मिश्रा ने निर्देश दिये कि हितग्राहियों को योजनाओ का सौ फीसदी लाभ सुनिश्चित करने के साथ ही विकास कार्यों को समय - सीमा में पूर्ण करना ही अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। आमजन से जुड़े इन निर्माण और विकास कार्यों को समय में पूरा करने के निर्देश दिए गए। राज्य योजना मद, भवन विकास निगम,लोक निर्माण विभाग और मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के कार्यों की समीक्षा की गई। नल से हर घर जल और समूह जल प्रदाय योजनाओ की समीक्षा की गई तथा अब तक 70 फीसदी से अधिक कार्य होने पर संतोष व्यक्त करते हुए बाकी के कार्यों को गांव को इकाई मानकर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सीएम राइज स्कूलों के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए गए है कि विद्यालयों का निर्माण शीघ्र गति से एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें जिससे कि बच्चों के लिए अच्छी एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि भवन के खिड़की, दरवाजे की गुणवत्ता मानक के अनुसार है कि नहीं, इसी प्रकार भवन में बिजली फिटिंग के कार्य की गुणवत्ता की भी जाचं करें। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों की भी समीक्षा की गई। स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा में श्री मिश्रा ने ओडी आई प्लस के अलावा अन्य जल संरचनाओं आदि के निर्माण कार्य में विशेष रुचि लेने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और शहरी की भी इस दौरान समीक्षा की गई। उज्वला और आयुष्मान योजना का लाभ हर पात्र परिवार तक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के कार्यों की भी समीक्षा की गई। विद्युत मंडल के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वे कृषि फीडर और घरेलू फीडर से तय समय अवधि में विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित करे। बैठक में स्वामित्व योजना के अलावा राजस्व, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य, पीएचई, जल संसाधन आदि विभागो के कार्यों की भी समीक्षा हुई। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी जिलों में जहां पर भी नवीन निर्माण कार्यो का लोकार्पण, भूमिपूजन होना है उनकी सूची तैयार करें एवं उनका लोकार्पण एवं भूमिपूजन करायें।

# गरीब घर की बेटी ने किया नाम रोशन तबस्सुम खान एमपीपीएससी में चयनित

### मुख्य नगर पालिका अधिकारी पद हुआ चयन, नगरवासियों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



नगर हिण्डोरिया के डॉ. अंबेडकर वार्ड नं. 10 के निवासी एक अल्पसंख्यक गरीब परिवार की बेटी तबस्सुम खान माता बेगम बानों पिता रहीम खान मुकददम (मंसूरी) के म. प्र. लोक सेवा आयोग व्दारा आयोजित चयन परीक्षा मे मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर चयन होने पर नगर के अनेक जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, मीडिया मित्रों एवं परिजनों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है। वर्तमान मे मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विभाग शहडोल मे लैब टेक्नीशियन के पद पर पदस्थ बेटी तबस्सुम खान ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा केजी-01 से कक्षा 10 वी तक स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर शाला मे पूरी की थी। कक्षा 11-12 वी की परीक्षा नगर के शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी शाला से अच्छे अंको से पास की। उसके पश्चात बीएससी की उच्च शिक्षा तबस्सुम खान ने डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर से उत्तीर्ण की। बेटी तबस्सुम की माता गृहणी है। तबस्सुम खान के दो छोटे भाई है। पिता रहीम खान पुश्तैनी धंधा गददा- पल्ली की तगाई के साथ साथ खेती का काम भी करते हैं। परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर होने के बाद भी परिवार ने तबस्सुम खान को पढ़ने लिखने का कर्ज तक लेकर अवसर दिया। माता पिता परिजनों की तपस्या का परिणाम आज सबके सामने है। तबस्सुम की इस अभूतपूर्व सफलता पर सभी ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

## एमपीएससी से नपा अधिकारी में हुआ शिवा लोधी का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



एमपी पीससी में नगर के शिवा सिंह लोधी ने 2019 में एमपी पीएससी की परीक्षा के प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल की हैं। पहले ही प्रयास में षिवा लोधी का मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर चयन हुआ हैं। षिवासिंह लोधी नगर के षिक्षक हेमराज सिंह लोधी के पुत्र हैं। जो हमेषा सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते आ रहे है। षिवा लगातार पांच वर्षो से एमपी पीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर रहे हैं। षिवा सिंह 2020 में एमपी पीएससी का इंटरव्यू दे चुके थे जिसमें चयन नहीं हुआ था लेकिन अपने हौसले को बुलंद रखकर षिवा ने फिर से 2021 के इंटरव्यू की तैयारी कर रहे है जिसका इंटरव्यू अभी हुआ नहीं हैं साथ ही 2022 एमपी पीएससी मेंस की तैयारी भी चल रही है। षिवा ने बताया कि 2019 की एमपीएससी में प्रथम प्रयास में सफलता हासिल करने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर चयन हुआ है लेकिन डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन होने का मेरा सपना हैं, तब तक तैयारी करता रहूंगा। वर्तमान में 2023 एमपी पीएससी की परीक्षा दी हैं जिसका स्कोर बहुत अच्छा हैं। नगर के नौजवान का चयन होने पर गणमान्य नागरिकों, षिक्षा जगत एवं विभिन्न नेताओं के द्वारा फोन पर एवं घर पहुंचकर षिवा सिंह लोधी को मिठाई खिलाकर बधाईयां दी हैं।

## डॉ.नवीन दुबे बने जिला डेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष

**दमोह**। इंडियन डेंटल एसोसिएसन दमोह शाखा की वार्षिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लेते हुये दमोह के युवा सामाजिक रूप से सक्रिय दंत चिकित्सक डॉ.नवीन दुबे को डेंटल ऐशोसियेसन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही सचिव डॉ.कुणाल जैन और कोषाध्यक्ष डॉ.अंचल छाबडा को नियुक्त किया गया। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष डॉ.अली असगर, वरिष्ट दंत चिकिस्तक डॉ.एमएस छाबडा, डॉ.संजय पालीवाल, डॉ.नीना विलियम के साथ जिले के सभी दंत चिकित्सकों की उपस्थिति रही। सभी ने नव नियुक्त पदाधिकारियो को शुभकामनाएं और बधाई दी।

## वृद्धाश्रम में जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष रेणुका कंचन के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के अधिकार के संबंध में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में प्रथम जिला न्यायाधीश डॉ. आरती शुक्ला पाण्डेय, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्रबंधक वृद्धाश्रम वीरेन्द्र असाटी एवं वृद्धजन उपस्थित रहे। प्रथम जिला न्यायाधीश डॉ. आरती शुक्ला पाण्डेय ने कहा कि बुढ़ापा/वृद्धावस्था जीवनकाल की ऐसी अवस्था है जो हर व्यक्ति के जीवन में आना तय है, यदि कोई यह सोचता है कि वह अपने जीवन में वृद्ध नहीं होगा तो वह उसका सबसे बड़ा भ्रम है। उन्होंने कहा शरद ऋतु में अपने आप को शीत से बचायें और ऋतु आधारित भोजन लें ताकि अपने आप को बदलते मौसम के अनुरूप ढाल सकें। उन्होंने वृद्धजनों के अधिकारों की सुरक्षा के लिये बनाये गये ''माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम के बारे में जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने कहा वर्तमान समय में संयुक्त परिवार की अवधारण क्षीण हो जाने के कारण वृद्धजनों का एकांकी जीवन सामाजिक चुनौती बन गया है, ऐसे वृद्धों की देखरेख एवं संरक्षण के लिए वृद्धाश्रमों की स्थापना की गयी है जिसमें वृद्धों के निवास, चिकित्सा एवं मनोरंजन की समुचित व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। यदि किसी के विरूद्ध न्यायालय में कोई प्रकरण प्रस्तुत करना है, तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आपको प्रकरण प्रस्तुत करने हेतु निःशुल्क अधिवक्ता एवं अन्य व्यय उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है।

**नाम निर्देशन पत्र निरस्त होने से चार पंच पद रिक्त**

## पंच पद हेतु उपचुनाव में 45 पंच निर्विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

पटेरा जनपद पंचायत की 15 ग्राम पंचायतों में 49 पद पंच के रिक्त थे जिनके लिये पंचायत उपचुनाव प्रक्रिया नायब तहसीलदार कुम्हारी मंडल राजेश सोनी निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रारंभ की गई। 49 पद हेतू 49 नाम निर्देशन पत्र भरे गये जिससे सभी पद निर्विरोध भर जाते लेकिन चार नाम निर्देशन पत्र निरस्त होने से दो ग्राम पंचायतों में चार पंच पद रक्त रह गये है। 45 पंच निर्विरोध निर्वाचित हो चुके है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचातय कुआखेडाबाजी वार्ड क्रमांक 14,15,16 पंच पद हेतू भरे गये नाम निर्देशन पत्रों में विद्युत मंडल का प्रमाण पत्र संलग्न न होने व समय सीमा में प्रस्तुत न करने पर एवं ग्राम पंचायत हरपालपुरा के वार्ड क्रमांक 3 में उम्मीदवार की आयु निर्धारित आयु 21 वर्ष कम होने (20 वर्ष होने) के कारण नाम निर्देशन पत्र निरस्त किये गये। जिससे अब चार पद रिक्त रह गये है। इस क्रिया में निर्वाचन अधिकारी के साथ जनपद पंचायतों से पंचायत निरीक्षक अंगद सींग व स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया।

## नप के वार्ड 14 में पार्षद के लिए 4 प्रत्याशी आजमा रहे अपना भाग्य

**पटेरा**। नगर परिषद पटेरा के वार्ड क्रमांक 14 में पार्षद के दिवंगत होने पर पद रिक्त होने से यहा उपचुनाव कराया जा रहा है। इसमें चार अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र भर थे जो सही पाये । एक भी नाम निर्देशन पत्र वापिस न होने से चारों अभ्यिर्थियों को चुनाव आवंटित किये गये। अनमें दशरथ अहिरवार कांग्रेस, श्रीमति राजरानी अहिरवार भाजपा, चंद्रभान अहिरवार निर्दलीय, रवि कोरी निर्दलीय, अपने चुनाव चिन्ह लेकर चुनावी मैदान में है। निर्वाचन 5 जनवरी को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना 9 जनवरी 2024 को होगी व परिणाम घोषित किया जायेगा।

# विशेष बालसभा का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शासकीय सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में विशेष बालसभा का आयोजन किया गया जिसमें सिक्खों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के वीर पुत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेहसिंह के जीवन से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इन दोनों महान सपूतों के शौर्य एवं बलिदान को श्रद्धांजलि देने एवं उनसे प्रेरणा लेने हेतु विद्यालय में विशेष बाल सभा का आयोजन किया गया, विद्यार्थियों ने निबंध लेखन, कविता वाचन एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं में बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया चित्रकला प्रतियोगिता में नंदिनी अहिरवाल कक्षा 11वीं प्रथम स्थान, मोहन नामदेव कक्षा 10वीं द्वितीय स्थान तथा महिमा बंसल कक्षा 12वीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया निबंध प्रतियोगिता में कंचन राठौर कक्षा 10वीं प्रथम स्थान, नेहा अहिरवाल कक्षा 11 वीं द्वितीय स्थान, कंचन नामदेव कक्षा 11वीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नेहा अहिरवार कक्षा 11वीं, साक्षी पटेल कक्षा 12वीं एवं गुड़यि विश्वकर्मा कक्षा 10वीं ने भी प्रतियोगिता मे भाग लिया। सहभागिता करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुलक्षणा हजारी, एवं वरिष्ट शिक्षिका श्रीमती सविता विदौल्या द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। वहीं सामाजिक संस्था अभिषेक जन जागृति समाज कल्याण समिति का सहयोग रहा।

# हटा विधायक के मंत्री न बनने से समर्थकों में मायूसी छाई

### जनता की उम्मीदें पर फिरा पानी, चारों खूंट जीत के बाद झोली खाली, नहीं मिला मंत्री पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह



आरक्षित विधानसभा हटा एक बार फिर हताशा और निराशा में डूब गई। तीसरी बार प्रचंड बहुमतों से जीती उमा देवी ने जीत के विधानसभा के सभी रिकार्ड ध्वस्त कर दिए। विधानसभा क्रमांक 57 और जीत भी 57000 की। पूर्व शिक्षिका, अनुभवी विधायक और चारों खूंट विधानसभा में जीत, जिले में सर्वाधिक मतों से जीतने के बाद भी मंत्री पद के लिए तरस गई। डॉक्टर मोहन यादव के मंत्रिमंडल की घोषणा में निराशा हाथ लगी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने चुनावी प्रचार में भाजपा प्रत्याशी उमा देवी खटीक की जीत के बाद मंत्री बनने का वादा मतदाताओं से किया था। भाजपा के कार्यकर्ता में निराशा छाई हुई है। भाजपा की आलाकमान से जिस प्रकार से छन-छन कर खबरें आ रही थी कि नए चेहरे को मंत्रिमंडल में जगह मिलेगी। उससे जनता को लग रहा था कि आरक्षित महिला तीन बार की जीत वह भी प्रचंड मतों से निश्चित ही विधायक उमादेवी को डॉक्टर मोहन यादव के मंत्रिमंडल में पद मिलेगा, मगर ऐसा नहीं हुआ। आजू-बाजू की विधानसभा के नगर एवं ग्रामीण ढोल नगाड़े बजा रहे कार्यकर्ता खुशियां मना रहे हैं, मगर आरक्षित विधानसभा हटा में सन्नाटा पसरा हुआ है। मतदान की तारीख 3 दिसंबर के बाद से एक-एक दिन कार्यकर्ताओं और जनता ने कैसे गुजारे होंगे, हर एक नागरिक बोल रहा है। उम्मीद पर पानी फिर गया, सब की उम्मीद टूट गई नतीजा आने के बाद से ही चर्चा थी कि अनुभवी विधायक को मंत्री पद जरूर मिलेगा, मगर जब मंत्रिमंडल का चेहरा सामने आया तो लोग भारी निराशा में डूब गए। यह बात सबको अच्छी तरह से पता है कि जिस विधानसभा से कोई मंत्री बनता है तो विकास की नई उम्मीद हिलोरें मारने लगती हैं, मगर दुर्भाग्य की बात है कि हटा विधानसभा को इस हक से महरूम रखा गया। हटा विधायक उमा देवी खटीक ने हरिभूमि प्रतिनिधि श्याम नायक से औपचारिक चर्चा करते हुए दुखी मन से कहा कि सबसे पहले मैं हटा विधानसभा की देव तुल्य जनता का वंदन अभिनंदन करती हूं, साथ ही भाजपा पार्टी के मंत्रिमंडल के गठन का स्वागत करती हूं। पार्टी का निर्णय सर्वोपरि है, मैं अपनी जनता से वादा करती हूं जनता का विश्वास टूटने नहीं दूंगी, समग्र विकास के साथ जनता के सुख दुख में हमेशा साथ रहूंगी, विधानसभा में समग्र विकास के साथ ही अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को पूरा किया जाएगा। मूलभूत समस्याओं का निराकरण मेरी प्राथमिकता रहेगी। जनता की सेवा के लिए तत्पर रहूंगी। साथ ही भाजपा के श्रेष्ठ नेतृत्व को सर्वोपरि मानते हुए उस पर खरी उतरूंगी।

## कृषि ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कृषकों को किया गया सम्मानित

**दमोह** । कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत पथरिया विकासखण्ड की ग्राम पंचायत असलाना और बकेनी में किसानों को उन्नत कृषि तकनीक में ड्रोन पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही नेनो उर्वरक, प्राकृतिक खेती, मिट्टी स्वास्थ्य परीक्षण विधि, ई कृषि यंत्र योजना और कृषि ज्ञान प्रतियोगिता कराई गई। इस अवसर पर उन्नत शील कृषकों को प्राकृतिक खेती करने हेतु साहित्य वितरण कर जीवामृत बनाना बताया गया। शिविर में कृषि ज्ञान प्रश्नोत्तरी हेतु प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान के लिए राजाराम पटेल, द्वितीय स्थान जितेन्द्र ठाकुर और तृतीय स्थान के लिए संतोष सिंह को कृषि विभाग द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।